संख्या-127/2022/1210ई/23-11-2022/006-1-1-37-2019

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 09 सितम्बर, 2022**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2022-23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1),लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-1214/CE-HQ1/BLKMUKH/LKO/2022-23, दिनांक 23-08-2022, पत्र संख्या-1213/CE-HQ1/BLKMUKH/BAR/2022-23, दिनांक 23-08-2022, पत्र संख्या-1215/CE-HQ1/BLKMUKH/SAH/2022-23, दिनांक 23-08-2022, पत्र संख्या-1298/CE-HQ1/BLKMUKH/KNP/2022-23, दिनांक 27-08-2022 एवं पत्र संख्या-1297/CE-HQ1/BLKMUKH/AGR/2022-23, दिनांक 27-08-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को 02 लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 06 चालू कार्य पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 2288.25 लाख (रू0 बाईस करोड़ अट्ठासी लाख पच्चीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत के उपरान्त लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	सीतापुर प्रा0ख0	जनपद सीतापुर में मतुआ-सकरन-भोलागंज मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 1 से 22 कि0मी0)।	2492.26 2441.08 2320.93	1670.54	534.34
2	शाहजहांपुर नि0ख0-1	जनपद शाहजहांपुर में लिपुलेक भिण्ड मार्ग (रा0मा0 सं0-29) के कि0मी0 471 ददरौल ब्लाक को 02 लेन मार्ग से जोड़ने वाले मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 1.710 कि0मी0)।	488.03 338.02	288.02	50.00
3	मुजफ्फर नगर प्रा0ख0	पुरबलियान से जीवना-मोरकुक्का-डबल कितास इन्चैडा होते हुए के0के0 मार्ग तक (अ0जि0मा0) कि0मी0 0.00 से 15.900 कि0मी0 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 15.900 कि0मी0)।	2177.98 1738.01	400.00	434.50
4	मुजफ्फर नगर प्रा0ख0	खतौली से फुलत चन्दसीन मोर कुक्का मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 0.00 से 14.500 कि0मी0 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 14.500 कि0मी0)।	2419.64 1895.43	400.00	473.85
5	कन्नौज नि0ख0	जनपद कन्नौज में छिबरामऊ तहसील मुख्यालय के जोड़ने वाला मार्ग छिबरामऊ विशुनगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 9.585 कि0मी0)।	2465.53 2130.27	1398.95	532.56
6	मैनपुरी नि0ख0	ब्लाक मुख्यालय जागीर को 02 लेन मार्ग से जोड़े जाने हेतु मैनपुरी भांवत किशनी मार्ग से जागीर ब्लाक तक मार्ग (अ0जि0मा0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 3.55 कि0मी0)।	619.06 594.34 584.34	170.00	263.00
योग:-					**2288.25**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 22,88,25,000(रू0 बाईस करोड़ अट्ठासी लाख पच्चीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371348 पं0 दीनदयाल उपाध्याय योजना के अन्तर्गत तहसील/ब्लाक/मुख्यालय को दो लेन मार्गो से जोड़े जाने हेतु मार्गो का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढीकरण चालू कार्य मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-127/2022/1210ई(1)/23-11-2022/006-1-1-37-2019-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in